# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़।

**(प्रशासनिक अनुभाग)**

**विज्ञप्ति**

न्यायिक अधिष्ठान अलीगढ़ में वाहन चालक की कमी के दृष्टिगत, मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्याः- 14/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकितः- 15.10.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त वाहन चालकों में से ऐसे वाहनचालकों जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की अधोलिखित तालिकानुसार न्यायिक अधिष्ठान अलीगढ़ में वाहन चालक संवर्ग के संभावित 1 रिक्त पद के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए ( यदि प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरी जाये या 65 वर्ष की आयु पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर उपरोक्त वर्णित परिपत्र/सुसंगत पत्रों के अनुसार की जायेगी।

उक्त पद का वेतनमान वाहन चालक पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम वेतन से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। आवेदक अपना आवेदन दिनांकः - 11.09.2025 की सायं 04 बजे तक कोर्ट मैनेजर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। वर्तमान में वाहन चालक के निम्नवत रिक्त पद हैः-

| S. No. | Post Name | Tentative Vacancy |
|---|---|---|
| 1 | Driver | 1 |
| **Total** | | **1** |

विज्ञप्ति समस्त सेवानिवृत्त वाहन चालक के मध्य परिचालित कराई जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिश बोर्ड पर चस्पा हो। जनपद न्यायालय,अलीगढ़ व मा० उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड करायी जाये।

अधिक जानकारी के लिए कोर्ट मैनेजर कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में 10.00 a.m – 05.00 p.m. तक सम्पर्क किया जा सकता है

04/09/2025

**दिनांकः- 04.09.2025**

**जनपद न्यायाधीश**
जनपद न्यायालय अलीगढ़।